**Series ONS** **SET-2**

कोड नं. **59/2**
Code No.

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 100*



Previous Pathshala

**सामान्य निर्देश :**

(i) ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

(ii) *प्रश्न संख्या* ***1 - 5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **एक** *अंक का है। इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iii) *प्रश्न संख्या* ***6 - 10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **दो** *अंकों का है। इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***11 - 16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **चार** *अंकों का है। इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***17 - 21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **पाँच** *अंकों का है। इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***22 - 27*** *तक प्रत्येक प्रश्न* **छः** *अंकों का है। इन प्रश्नों का प्रत्येक उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

***General Instructions :***

(i) ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

(ii) *Questions number* ***1 - 5*** *are of* ***1*** *mark each.* ***The*** *answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

(iii) *Questions number* ***6 - 10*** *are of* ***2*** *marks each.* ***The*** *answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

(iv) *Questions number* ***11 - 16*** *are of* ***4*** *marks each.* ***The*** *answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

(v) *Questions number* ***17 - 21*** *are of* ***5*** *marks each.* ***The*** *answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

(vi) *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

(vii) *Questions number* ***22 - 27*** *are of* ***6*** *marks each.* ***The*** *answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*



Previous Pathshala

1. ऐसा क्यों कहा जाता है कि पेट्रोलियम का इतिहास युद्ध एवं संघर्षों का इतिहास है ? 1

Why is it said that history of petroleum is also the history of war and struggles ?

2. भारतीय किसान यूनियन से संबंधित किसान, देश के अधिकांश अन्य किसानों से कैसे भिन्न थे ? 1

How did the farmers associated with Bharatiya Kisan Union differ from the most other farmers in India ?

3. नेहरु युग में, हमारे देश के कुछ राजनीतिक दल तथा समूह ऐसा क्यों मानते थे कि भारत की मित्रता अमरीका के नेतृत्व वाले गुट के साथ अधिक होनी चाहिए ? 1

During Nehru era, why did some political parties and groups in our country believe that India should be more friendly with the bloc led by the U.S. ?

4. सोवियत व्यवस्था के निर्माताओं ने निम्नलिखित में से किसको महत्व **नहीं** दिया ? 1

(a) निजी संपत्ति की समाप्ति।

(b) समानता के सिद्धांत पर समाज का निर्माण।

(c) विरोधी दल अथवा प्रतिपक्ष का कोई स्थान नहीं।

(d) अर्थ व्यवस्था पर राज्य का कोई नियंत्रण नहीं।

Which one of the following was NOT given primacy by the makers of the Soviet System ?

(a) Abolition of private property.

(b) Society based on the principle of equality.

(c) No opposition party to be allowed.

(d) No state control over economy.

5. आसियान (ए.एस.ई.ए.एन) के झंडे का प्रतीक चिन्ह (लोगो) क्या दर्शाता है ? 1

What does the logo on the ASEAN flag symbolise ?



Previous Pathshala

6. 1960 के दशक के प्रारंभ में दोनों महाशक्तियों के बीच हुए समझौतों में से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। **2x1=2**

Mention any two of the agreements signed between the two super powers starting in the 1960s.

7. 'आपरेशन ब्ल्यू स्टार' क्या था ? इससे सिक्ख समुदाय की भावनाओं को क्यों ठेस पहुँची ? **1+1=2**

What was 'Operation Blue Star' ? Why did it hurt the sentiments of the Sikh Community ?

8. भारत में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की भूमिका का आकलन कीजिए। **2**

Assess the role of Maulana Abul Kalam Azad towards maintaining communal harmony in India.

9. मिज़ो अलगाववादी आंदोलन को जन समर्थन क्यों और कैसे प्राप्त हुआ ? **2**

Why and how did the Mizo Movement for succession gain popular support ?

10. **स्तंभ 'A'** में दिए गए निम्नलिखित तथ्यों को **स्तंभ 'B'** से मिलाकर अर्थपूर्ण जोड़े बनाइए : **4x½=2**

| | **स्तंभ 'A'** | | **स्तंभ 'B'** |
|---|---|---|---|
| (i) | जाँच आयोग का अध्यक्ष | (a) | चौधरी चरण सिंह |
| (ii) | 1967 - 1969 तक भारत के उप-प्रधानमंत्री | (b) | जगजीवन राम |
| (iii) | 1977 - 79 तक भारत के उप-प्रधानमंत्री | (c) | जे.सी. शाह |
| (iv) | 1952 से 1977 तक भारत के केंद्रीय मंत्री | (d) | मोरारजी देसाई |

Match the following in **Column 'A'** with those in **Column 'B'** in a meaningful way :

| | **Column 'A'** | | **Column 'B'** |
|---|---|---|---|
| (i) | Head of the Commission of Enquiry | (a) | Chowdhary Charan Singh |
| (ii) | Deputy Prime Minister of India from 1967 to 1969 | (b) | Jagjiwan Ram |
| (iii) | Deputy Prime Minister of India from 1977 - 79 | (c) | J.C. Shah |
| (iv) | Union Minister of India from 1952 - 1977 | (d) | Morarji Desai |



Previous Pathshala

11. चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के बावजूद, चीन की जनता पर पड़े किन्हीं चार नकारात्मक प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 4x1=4

Inspite of improvement in the Chinese economy, there have been negative consequences affecting the people of China. Mention any four such consequences.

12. पारंपरिक सुरक्षा नीति के एक तत्व के रूप में गठबंधन बनाने से क्या अभिप्राय है? इसके क्या लाभ हैं? 2+2=4

What is meant by alliance building as a component of traditional security policy? What are its advantages?

13. भारत से उदाहरण लेकर 'साझा संपदा संसाधन' की धारणा को स्पष्ट कीजिए। 4

Explain the concept of 'common property resource' with the help of an example from India.

14. एक सामाजिक तथा विचारधारात्मक गठबंधन के रूप में, कांग्रेस की कार्य शैली की व्याख्या कीजिए। 2+2=4

Explain the functioning of the Congress Party as an ideological and social coalition.

15. भारत में नक्सलवादी आंदोलन के विस्तार के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का परीक्षण कीजिए। इसे कुचलने के लिए तरीके सुझाइए। 2+2=4

Examine the conditions responsible for the growth of Naxalite Movement in India. Suggest ways and means to crush it.

16. मिश्रित अर्थव्यवस्था के भारतीय मॉडल के मुख्य परिणामों का मूल्यांकन कीजिए। 4

Evaluate the major outcomes of the Indian model of mixed economy.



Previous Pathshala

**17.** रूबल के मूल्य में नाटकीय ढंग से गिरावट आई। मुद्रास्फीति इतनी ज्यादा बढ़ी कि लोगों की जमापूँजी जाती रही। सामूहिक खेती की प्रणाली समाप्त हो चुकी थी और लोगों को अब खाद्यान्न की सुरक्षा मौजूद नहीं रही और सरकार ने खाद्यान्न का आयात करना शुरू किया। पुराना व्यापारिक ढाँचा तो टूट चुका था लेकिन सरकारी रियायत (सबसिडी) के वापिस लिए जाने से अधिकांश लोग ग़रीबी की ओर धकेल दिए गए।

**ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(i) 'सरकारी रियायत' (सबसिडी) से क्या अभिप्राय है?

(ii) सामूहिक कृषि प्रणाली समाप्त होने से लोगों की खाद्यान्न सुरक्षा कैसे समाप्त हो गयी?

(iii) यह अवतरण किस देश से संबंधित है? सरकार ने खाद्यान्नों का आयात क्यों प्रारंभ किया?

**1+2+2=5**

The value of the ruble declined dramatically. The rate of inflation was so high that people lost all their savings. The collective farm system disintegrated leaving people without food security, and the government started to import food. The old trading structure broke down with no alternative in its place. The old system of social welfare was systematically destroyed. The withdrawal of government subsidies pushed large sections of the people into poverty.

**Read the above passage carefully and answer the following questions :**

(i) What is meant by subsidy?

(ii) How did the disintegration of collective farm system lead to the loss of food security?

(iii) This passage is associated to which country? Why did the government start importing food?



Previous Pathshala

**18.** चीन के साथ भारत के इस दोस्ताना रिश्ते में दो कारणों से खटास आई। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्ज़ा कर लिया। इससे भारत और चीन के बीच ऐतिहासिक रूप से जो एक मध्यवर्ती राज्य बना चला आ रहा था, वह खत्म हो गया। शुरू-शुरू में भारत सरकार ने चीन के इस कदम का खुले तौर पर विरोध नहीं किया। बहरहाल, तिब्बत की संस्कृति को कुचलने की खबरें जैसे-जैसे सामने आने लगी, वैसे-वैसे भारत की बेचैनी भी बढ़ी। तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा ने भारत से राजनीतिक शरण माँगी और 1959 में भारत ने उन्हें शरण दे दी। चीन ने आरोप लगाया कि भारत सरकार अंदरूनी तौर पर चीन विरोधी गतिविधियों को हवा दे रही है।

**ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(i) 'मध्यवर्ती राज्य' से क्या अभिप्राय है ?

(ii) भारत सरकार ने चीन द्वारा तिब्बत पर कब्ज़ा कर लेने का विरोध क्यों नहीं किया ?

(iii) दलाई लामा तथा हज़ारों तिब्बती शरणार्थियों को भारत द्वारा राजनीतिक आश्रय प्रदान करना कहाँ तक न्यायोचित है ? **1+2+2=5**

Two developments strained this relationship. China annexed Tibet in 1950 and thus removed a historical buffer between the two countries. Initially, the government of India did not oppose this openly. But as more information came in about the suppression of Tibetan culture, the Indian government grew uneasy. The Tibetan spiritual leader, the Dalai Lama, sought and obtained political asylum in India in 1959. China alleged that the government of India was allowing anti-China activities to take place from within India.

**Read the above passage carefully and answer the following questions :**

(i) What is meant by 'historical buffer' ?

(ii) Why didn't the Government of India oppose the annexation of Tibet by China ?

(iii) How far was it justified on the part of India to grant political asylum to the Dalai Lama and thousands of Tibetan refugees ?



Previous Pathshala

**19.**




**ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(i) राष्ट्रीय मोर्चे द्वारा 1989 में बनायी गई सरकार का मुखिया कौन था ?

(ii) उसके द्वारा बनायी गई सरकार को कठपुतली सरकार क्यों कहा जाता था ?

(iii) धागों की सहायता से कठपुतली कों नचाने वालों की पहचान कीजिए तथा उनके दलों के नाम भी लिखिए। **1+2+2=5**

**Study the above cartoon carefully and answer the following questions :**

(i) Who was head of the Government formed by the National Front in 1989 ?

(ii) Why was the government formed by him called a puppet government ?

(iii) Identify the puppeteers pulling the strings and the political parties they belong to.



Previous Pathshala

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न, **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है :

(19.1) 1989 में राष्ट्रीय मोर्चे द्वारा बनाई गई सरकार का प्रधानमंत्री कौन था ?

(19.2) 1984 तथा 1989 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को कितनी-कितनी सीटें मिली ?

(19.3) मंडल आयोग की सिफ़ारिशें क्या थीं ? **1+2+2=5**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates** only in lieu of **Q No. 19** :

(19.1) Who was the Prime Minister of the government formed by the National Front in 1989 ?

(19.2) How many seats did the Congress Party win in the Lok Sabha elections of 1984 and 1989 respectively ?

(19.3) What were the recommendations of the Mandal Commission ?



Previous Pathshala

20. वैश्वीकरण से हमेशा राज्य की ताकत में कमी आती हो-ऐसी बात नहीं। राजनीतिक समुदाय के आधार के रूप में राज्य का प्रधानता को कोई चुनौती नहीं मिली है और राज्य इस अर्थ में आज भी प्रमुख है। विश्व की राजनीति में अब भी विभिन्न देशों के बीच मौजूद पुरानी ईर्ष्या और प्रतिद्वंद्विता का दखल है। राज्य कानून और व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अपने अनिवार्य कार्यों को पूरा कर रहे हैं और बहुत सोच-समझकर अपने कदम उन्हीं दायरों से खींच रहे हैं जहाँ उनकी मर्जी हो। राज्य अभी भी महत्त्वपूर्ण बने हुए हैं।

वस्तुत: कुछ मायनों में वैश्वीकरण के फलस्वरूप राज्य की ताकत में इजाफा हुआ है। अब राज्यों के हाथ में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मौजूद है जिसके बूते राज्य अपने नागरिकों के बारे में सूचनाएँ जुटा सकते हैं।

**ऊपर दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(i) राज्य के दो सर्वाधिक अनिवार्य कार्य कौन से हैं ?

(ii) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी किस प्रकार राज्य को बेहतर शासन करने के योग्य बनाती है ?

(iii) एक उदाहरण की सहायता से यह स्थापित कीजिए कि वैश्वीकरण से राज्य की ताकत में वृद्धि होती है। **1+2+2=5**

Globalisation does not always reduce state capacity. The primacy of the state continues to be the unchallenged basis of political community. The old jealousies and rivalries between countries have not ceased to matter in world politics. The state continues to discharge its essential functions (law and order, national security) and consciously withdraws from certain domains from which it wishes to. States continue to be important.

Indeed, in some respects state capacity has received a boost as a consequence of globalisation, with enhanced technologies available at the disposal of the state to collect information about its citizens.

**Read the passage given above carefully and answer the following questions :**

(i) What are the two most essential functions of the state ?


(ii) How do enhanced technologies enable the state to rule better ?

(iii) Justify with the help of an example that globalisation gives a boost to the state capacity.



Previous Pathshala

**21.**




दिए गए दक्षिण एशिया के रेखा मानचित्र में **पाँच** देशों को **(A), (B), (C), (D)** तथा **(E)** द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इनकी पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) से (v) | | |



Previous Pathshala


(i) इस देश में सैनिक तथा असैनिक दोनों प्रकार का शासन रहा है।

(ii) इस देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना 2006 में हुई।

(iii) यह देश अभी भी एक राजतंत्र है।

(iv) इस देश की संसद ने जून, 2005 में सर्वसम्मति से बहुदलीय प्रणाली लागू करने की स्वीकृति प्रदान की।

(v) यह देश, भारत की 'पूरब चलो की नीति, म्यांमार होते हुए' का एक भाग है। **5x1=5**




In the given outline map of South Asia, five countries have been marked as **(A), (B), (C), (D)** and **(E)**. Identify them on the basis of the information given below and write their correct names in your answer book with their respective serial number of the information used and the alphabet concerned as per the following format :



Previous Pathshala

| SR. No. of the Information used | Alphabet Concerned | Name of the Country |
|---|---|---|
| (i) to (v) | | |

(i) The country has experienced civilian as well as military rule both.

(ii) Democracy was restored in this country in 2006.

(iii) This country is still a monarchy.

(iv) The Parliament of this country voted unanimously to introduce multi-party system in June 2005.

(v) This country is a part of India's 'Look East Policy via Myanmar'.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर है :

(21.1) भारतीय शांति सेना (IPKF) को श्रीलंका क्यों भेजा गया और उसका क्या परिणाम निकला ?

(21.2) भारत-पाकिस्तान के बीच नदी-जल के बंटवारे सम्बंधित विवाद को स्पष्ट कीजिए।

(21.3) नेपाल में लोकतंत्र समर्थक, मुख्यतया अहिंसात्मक, आंदोलन चलाने वाला कौन था ?

**2+2+1=5**

**Note :** The following questions are for **visually impaired candidates** only in lieu of **Q No. 21**.

(21.1) Why was Indian Peace Keeping Force sent to Sri Lanka and to what result ?

(21.2) Explain Indo - Pak problem of sharing of river waters.

(21.3) Who led the pro-democratic, largely non-violent, movement in Nepal ?



Previous Pathshala

**22.** 1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं छ: परिणामों का विश्लेषण कीजिए। **6x1=6**

**अथवा**

भारत में नियोजित विकास के पहले चरण के परिणामों का आकलन कीजिए। **6**

Analyse any six consequences of the partition of India in 1947.

**OR**

Assess the outcomes of the early phase of planned development in India.

**23.** सोवियत संघ अचानक कैसे विघटित हो गया ? कोई छ: कारण स्पष्ट कीजिए। **6x1=6**

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति को शीत युद्ध का प्रारम्भ क्यों समझा जाता था ? व्याख्या कीजिए। **6**

How did the Soviet Union suddenly disintegrate ? Explain any six reasons.

**OR**

Why was the end of the Second World War considered to be the beginning of Cold War ? Explain.

**24.** 1992 में संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में स्वीकृत प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से सम्बंधित कौन-सी तीन शिकायतों का ज़िक्र किया गया था ? सुरक्षा परिषद की नई स्थायी सदस्यता के लिए प्रस्तावित किन्हीं तीन मानदंडों का वर्णन कीजिए। **3+3=6**

**अथवा**

सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा से क्या अभिप्राय है ? मानवता की सुरक्षा सम्बंधी संकीर्ण तथा व्यापक अर्थों में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2+2+2=6**

Which three complaints related to the U.N. Security Council were reflected in the resolution passed by the U.N. General Assembly in 1992 ? Describe any three criteria that have been proposed for new permanant members of the Security Council.

**OR**

What is meant by non-traditional notion of security ? Differentiate between the narrow and the broad concept of human security.



Previous Pathshala

**25.** 1967 में हुए चौथे आम चुनाव के समय, देश में आए प्रमुख बदलावों का परीक्षण कीजिए। **6**

**अथवा**

आपातकाल को भारतीय राजनीति की सबसे विवादास्पद घटना क्यों समझा जाता है ? किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। **3x2=6**

Examine the major changes that the country witnessed at the time of fourth general election in 1967.

**OR**

Why is emergency considered to be one of the most controversial episodes in Indian politics ? Analyse any three reasons.

**26.** ''वर्चस्व पर काबू पाने के लिए प्रतिरोध ही एक मात्र विकल्प है''। इसकी तुलना अन्य वर्चस्व-विरोधी रणनीतियों से करके इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। **6**

**अथवा**

एक आर्थिक संघ के रूप में, आसियान (ए.एस.ई.ए.एन) की भूमिका का आकलन कीजिए। **6**

"Resistance is the only option available to overcome the hegemony". Justify the statement by comparing it to other antihegemony strategies.

**OR**

Assess the role of ASEAN as an economic association.

**27.** जन आंदोलनों के किन्हीं छः लाभों का वर्णन कीजिए। **6x1=6**

**अथावा**

जम्मू तथा कश्मीर की सामाजिक तथा राजनीतिक संरचना क्या है ? जम्मू तथा कश्मीर की समस्या की उन मूल जड़ों का वर्णन कीजिए जिन के कारण भारत सरकार को यहाँ की स्वायत्तता बनाए रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। **2+4=6**

Describe any six advantages of popular movements.

**OR**

What is the social and political composition of Jammu and Kashmir ? Describe the roots of 'Kashmir Issue' which compelled the Indian Government to maintain autonomy in this state.



Previous Pathshala